दिनांकः 17.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देशभर में आज से ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान की शुरूआत–प्रदेश में भी विभिन्न आयोजन।
- मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में आज आठ हजार से ज्यादा नव चयनितों को सौंपे जाएंगे नियुक्ति पत्र–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास।
- राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधि मंडल संयुक्त अरब अमीरात और कतर के दौरे पर।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आज देशभर में कई गतिविधियों का आयोजन।

...........................

देशभर में आज से ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष की थीम ''स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता'' रखी गई है। इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जल निकायों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों तथा सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों जैसे विभिन्न स्थलों पर श्रमदान और सामूहिक सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय और विभिन्न राज्य देशभर में कई गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।
इस वर्ष स्वच्छता अभियान तीन प्रमुख स्तंभों–स्वच्छता के लिए श्रमदान गतिविधि, स्वच्छता में जनभागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर आधारित होगा। अभियान में नागरिकों के अलावा उद्योगों, गैर–सरकारी संगठनों, विकास संगठनों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायतों और विभिन्न हितधारकों को शामिल किया जाएगा। सभी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, मुख्य मंत्री, केंद्रीय मंत्रालय और स्थानीय निकाय राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान सुनिश्चित करने में भागीदारी करेंगे।
प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने सफाई के कार्यों में श्रमदान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सफाई अभियान देश और देश के स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में बढ चढ कर भागीदारी निभाने की अपील की।

...........................

इसी कड़ी में आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ झुन्झुनूं जिले में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...........................

जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी तथा स्काउट गाइड सहित विभिन्न संगठन भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। पाली में नगर निगम की ओर से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शहर में जगह–जगह ''स्वच्छ पाली, स्वस्थ पाली'' टैग लाइन के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। भीलवाडा में जिला कलेक्टर ने सफाई कर अभियान की शुरूआत की और लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। भरतपुर में किले में पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की गई। बारां में डोल तालाब पर श्रमदान के साथ इसकी शुरूआत की जा रही है। जोधपुर में रेल मंडल की ओर से सफाई के प्रति यात्रियों और कर्मचारियों को जागरुक किया जाएगा। जैसलमेर के सूली डूंगर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और आम लोग मौजूद हैं।

...........................

राज्यभर में आज मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जा रहा है। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आठ हजार से ज्यादा नव चयनितों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। श्री शर्मा, वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जिला मुख्यालयों पर आयोजित समारोह में

नवनियुक्तों से संवाद भी करेंगे। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि रोजगार उत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसे लेकर नव चयनितों में उत्साह का माहौल है।
मुख्यमंत्री आज ही मां वाउचर योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री 21 सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत से पीएम आवास योजना ग्रामीण के एक लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र सौपेंगे। श्री शर्मा आज ही दस हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पीएम कुसुम योजना सहित एक हजार पांच सौ 28 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में नमस्ते योजना के लाभार्थियों को पीपीई किट भी वितरित किए जाएंगे।

..............................

जयपुर में दिसम्बर महीने में आयोजित होने वाली 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में आज से राज्य सरकार का प्रतिनिधि मंडल संयुक्त अरब अमीरात और कतर के दौरे पर है। तीन दिवसीय प्रवास के दौरान यह प्रतिनिधि मंडल दोनों देशों के कई गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करेगा। इसके अलावा, प्रतिनिधि मंडल खाड़ी देशों के निवेशकों को भी आमंत्रित करेगा। गौरतलब है कि समिट से पहले इन दिनों राज्य सरकार का प्रतिनिधि मण्डल देश–दुनिया की विभिन्न कम्पनियों तथा उद्यमियों के साथ चर्चा कर रहा है और प्री–इन्वेंस्टमेंट मीट, रोड शो और निवेश डॉयलॉग जैसे कार्यक्रमों के जरिये उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। इस सिलसिले में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में भी पिछले सप्ताह एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने दक्षिण कोरिया और जापान का दौरा किया था।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आज देशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का उद्‌घाटन करेंगे। श्री नड्डा प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।
श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने अथक परिश्रम, धैर्य और दूरदर्शिता से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया है। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है और विश्व में भारत को एक नयी प्रतिष्ठा दिलायी है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए अपने संदेश में उनके दीर्घायु होने की कामना की। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।
इधर, प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कई जगह रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर सामाजिक सेवा के कार्य हो रहे हैं।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की ई–नीलामी आज से शुरू हो रही है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से ई–नीलामी में भाग लेने का आग्रह किया है। इससे प्राप्त राशि नमामि गंगे कोष में दी जाएगी। श्री शेखावत ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ई–नीलामी शुरू की गई थी। यह इस आयोजन की छठी कडी होगी। ऑनलाईन नीलामी 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

..............................

प्रदेशभर में आज अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जा रहा है। कई स्थानों पर गणेश चतुर्थी पर्व से शुरू हुए गणेश महोत्सव के तहत स्थापित की गई गणपति की मूर्तियों का आज जलाशयों में पूरे विधि विधान के साथ विसर्जन किया जा रहा है। इसके साथ ही गणपति महोत्सव का समापन हो रहा है। इन आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए माकूल इंतजाम किये हैं।

..............................